दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 27 मुरादाबाद 19 May 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मायावती ने ज्ञानवापी विवाद में भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप, बोलीं चुन-चुनकर धार्मिक स्थलों को बना रहे निशाना



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की कोर्ट के आदेश पर वीडियोग्राफी और सर्वे का काम पूरा होने के बाद आज बसपा प्रमुख मायावती ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मायावती ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा चुन-चुनकर धार्मिक स्थलों को निशाना बना रही है। इससे देश का महौल बिगड़ सकता है। मायावती ने प्रेस नोट ट्वीट करते हुए कहा, देश में निरंतर बढ़ रही गरीबी बेरोजगारी वो आसमान छू रही महंगाई आदि से त्रस्त जनता का ध्यान बांटने के लिए बीजेपी व इनके सहयोगी संगठन चुन-चुनकर व खासकर यहां के धार्मिक स्थलों को निशाना बना रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं है तथा इससे यहां कभी भी हालात बिगड़ सकते हैं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि, आजादी के बरसों बाद ज्ञानवापी, मथुरा, ताजमहल व अन्य और स्कूलों के मामलों की आड़ में जिस प्रकार से षड्यंत्र के तहत लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़काया जा रहा है। इससे देश मजबूत नहीं बल्कि कमजोर ही होगा। बीजेपी को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। मायावती ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि विशेषकर एक धर्म समुदाय से जुड़े स्थानों के नाम भी एक-एक करके जो बदले जा रहे हैं। इससे तो अपने देश में शांति, सद्भाव और भाईचारा नहीं, बल्कि आपसी नफरत की भावनाएं पैदा होगी। यह सब अति चिंतनीय है। इन सब से ना तो अपने देश और ना ही यहां की आम जनता का भला हो सकता है। ज्ञानवापी मस्जिद मामले में अखिलेश यादव ने भी भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा था कि बीजेपी ये सब जानबूझकर करती है। अखिलेश ने कहा कि ज्ञनवापी बहुत पुरानी मस्जिद है। बीजेपी ये सब जनता का ध्यान भटकाने के लिए कर रही है। क्या है ज्ञानवापी मस्जिद विवाद - ज्ञानवापी मस्जिद वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी हुई है। इस मस्जिद को लेकर दावा किया जाता है कि इसे मंदिर को तोड़कर बनाया गया था। हिंदू पक्ष का दावा है कि इस ढ़ाचे के नीचे 100 फीट ऊंची विशेश्वर का स्वयम्भू ज्योतिर्लिंग स्थापित है। पूरा ज्ञानवापी इलाका एक बीघा, नौ बिस्वा और छह धूर में फैला है। दावा किया गया कि इसके अवशेषों का उपयोग मस्जिद बनाने के लिए किया था, जिसे मंदिर भूमि पर निर्मित ज्ञानवापी मस्जिद के रूप में जाना जाता है। सन् 1585 में राजा टोडरमल ने काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया था। वह अकबर के नौ रत्नों में से एक माने जाते हैं, लेकिन 1669 में औरंगजेब के आदेश पर इस मंदिर को पूरी तरह तोड़ दिया गया और वहां पर एक मस्जिद बना दी गई।बाद में मालवा की रानी अहिल्याबाई ने ज्ञानवापी परिसर के बगल में नया मंदिर बनवाया, जिसे आज हम काशी विश्वनाथ मंदिर के रूप में जानते हैं। ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि इस विवादित ढांचे के नीचे ज्योतिर्लिंग है। यही नहीं ढांचे की दीवारों पर देवी देवताओं के चित्र भी प्रदर्शित है।हालांकि कुछ इतिहाकारों का कहना है कि ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण 14वीं सदी में हुआ था और इसे जौनपुर के शर्की सुल्तानों ने बनवाया था, लेकिन इस पर भी विवाद है। कई इतिहासकार इसका खंडन करते हैं। उनके मुताबिक शर्की सुल्तानों द्वारा कराए गए निर्माण के कोई साक्ष्य नहीं मिलते हैं और न ही उनके समय में मंदिर के तोड़े जाने के साक्ष्य मिलते हैं।

## मोदी सरकार ने ऐसे हालात पैदा किए कि राजीव गांधी का हत्यारा रिहा हो गया: कांग्रेस



कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे ए.जी. पेरारिवलन को सुप्रीम कोर्ट की ओर से रिहा किए जाने पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने ऐसे हालात पैदा किए कि अदालत को यह निर्णय देना पड़ा। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि आतंकवाद को लेकर सरकार का यह रवैया निंदनीय है। उन्होंने मीडिया से कहा, उच्चतम न्यायालय का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे करोड़ों भारतीय नागरिकों की भावना आहत हुई है क्योंकि न्यायालय ने राजीव गांधी जी के एक हत्यारे को रिहा कर दिया है। तथ्य बड़े स्पष्ट हैं और जिम्मेदार मोदी सरकार है। उनके अनुसार, नौ सितंबर, 2018 को तमिलनाडु की तत्कालीन अन्नाद्रमुक-भाजपा सरकार ने उस समय के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित को सिफारिश भेजी कि राजीव गांधी जी की हत्या के सभी सात दोषियों को रिहा कर दिया जाए। राज्यपाल ने कोई निर्णय नहीं लिया। उन्होंने अपना पल्ला झाड़ते हुए मामला राष्ट्रपति को भेज दिया। राष्ट्रपति ने भी कोई निर्णय नहीं लिया।' सुरजेवाला ने दावा किया कि इस विलंब और भाजपा सरकार द्वारा नियुक्त राज्यपाल द्वारा निर्णय नहीं लिए जाने के कारण एक हत्यारे को रिहा कर दिया। अब सभी दोषी रिहा हो जाएंगे। उन्होंने सवाल किया, 'मोदी जी, क्या आपका यही राष्ट्रवाद है? क्या आपका तौर-तरीका है कि कोई निर्णय ही नहीं लो और उस आधार पर अदालत राजीव गांधी जी के हत्यारे को रिहा कर दे?' कांग्रेस नेता ने कहा, 'जिस आधार पर निर्णय हुआ है उस आधार पर तो हजारों तमिल कैदियों को छोड़ दिया जाना चाहिए। देश में आजीवन कारावास के लाखों कैदी हैं', उनको भी छोड़ दिया जाना चाहिए।'रणदीप सुरजेवाला ने कहा, 'यह कांग्रेस के एक नेता का सवाल नहीं है, बल्कि राजीव गांधी जी हमारे प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश के लिए कुर्बानी दी। सरकार का रुख निंदनीय है और इसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। देश के लोग देख लें कि इस सरकार का आतंकवाद को लेकर रवैया क्या है।'

### 31 सालों से जेल में बंद था ए.जी. पेरारिवलन

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने राजीव गांधी हत्याकांड मामले में दोषी ए.जी. पेरारिवलन को रिहा करने का बुधवार को आदेश दिया, जो उम्रकैद की सजा के तहत 30 साल से अधिक समय से जेल में बंद है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने अनुच्छेद 142 के तहत अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया।

## गुजरात में नमक फैक्ट्री की दीवार ढहने से 12 लोगों की मौत, पीएम मोदी ने जताया शोक




गुजरात के मोर्बी जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां नमक फैक्ट्री की दीवार ढह गई है। मलबे में दबने के कारण करीब 12 मजदूरों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त मजदूर फैक्ट्री में काम कर रहे थे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है। मलबे में अभी कुछ और लोगों के दबे होने की भी आशंका है। इस घटना पर प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त करते हुआ कहा मोरबी में दीवार गिरने से हुई त्रासदी हृदय विदारक है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें। स्थानीय अधिकारी प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। मोरबी में हुए हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को पीएमएनआरएफ की ओर से दो-दो लाख रुपये दिए जाने का एलान किया गया है। और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। अमित शाह ने भी इस घटना पर शोक व्यक्त किया है गुजरात के मोरबी में एक हादसे में 12 लोगों की मृत्यु अत्यंत दुःखद है। मैंने मुख्यमंत्री @Bhupendrapbjp जी से बात की है, प्रशासन राहत पहुँचाने में तत्परता से लगा है। घायलों को शीघ्र अस्पताल पहुँचाकर उन्हें उपचार दिया जा रहा है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने मोरबी में एक नमक कारखाने में दीवार गिरने की घटना में मारे गए प्रत्येक कार्यकर्ता के परिजनों को सीएम राहत कोष से 4 लाख रुपये देने की घोषणा की। सीएम ने मोरबी जिला कलेक्टर और सिस्टम ऑपरेटरों को तत्काल बचाव और राहत कार्यों के निर्देश दिए हैं।सीएम योगी इस घंटा पर दुःख जताते हुए कहे गुजरात के मोरबी में दीवार गिरने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुई जन हानि अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की कृपा करें।जेसीबी मशीनों को लगाया। एसपी त्रिपाठी ने कहा- एक बार जब बचाव अभियान समाप्त हो जाता है और क्षेत्र पूरी तरह से साफ हो जाता है, तो स्थानीय पुलिस के साथ एफएसएल टीम घटना की जांच करेगी। यदि फैक्ट्री प्रबंधन किसी भी लापरवाही के लिए दोषी पाया जाता है, तो उनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया जा सकता है।

# कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज मरवाही विकासखंड के ग्राम साल्हेकोटा के प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, हाई स्कूल के संचालन, ग्राम पंचायत लरकेनी के जल जीवन मिशन, राशन वितरण केंद्र, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत निर्मित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के भवन तथा ग्राम पंचायत धोबहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होने स्कूलों में आने वाले बच्चों को पेयजल, शौचालय आदि आधारभूत सुविधाएं प्राथमिता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने ग्राम साल्हेकोटा के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों तथा कार्यरत स्टॉफ की संख्या की जानकारी ली। उनके द्वारा स्कूल परिसर में पेयजल, शौचालय, पानी निकासी आदि आधारभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने स्कूल परिसर में शौचालय की अव्यवस्था को देखकर स्कूल के प्राचार्य पर नाराजगी जताई तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को राज्य शासन के निर्देशानुसार स्कूल परिसर में शौचालय का निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होने गांव के प्रत्येक बच्चे को पढ़ाई निरंतर रखने के लिए उनके अभिभावकों को प्रेरित करने कहा, जिससे कोई भी बच्चा अपना परीक्षा या आगे की पढ़ाई बीच



में नहीं छोड़े। उन्होने विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ऐसे शिक्षक जो किसी भी कारण से लम्बे समय से अपने कार्य से अनुपस्थित हैं उनकी सूची उपलब्ध कराने कहा। इसके साथ ही उन्होने स्कूल परिसर में उपस्थित सरपंच, सचिव तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की अन्य समस्याओं की जानकारी ली तथा सचिव को गांवों में पानी की समस्या के निराकरण के लिए मनरेगा अंतर्गत कुंआ निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए है।कलेक्टर ने ग्राम पंचायत लरकेनी के आंगनबाड़ी केंद्र, किचन शेड का निरीक्षण किया तथा आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित बच्चों और माताओं से खान-पान आदि सुविधाओं पर चर्चा की। इसके साथ ही उनके द्वारा ग्राम पंचायत लरकेनी के राशन दुकान, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत निर्मित हेल्द एंड वेलनेस सेंटर, जल जीवन मिशन के कार्य आदि का निरीक्षण किया गया तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को सभी घरों में नल जल कनेक्शन की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुच मार्ग का निर्माण कराने के निर्देश दिए। उनके द्वारा ग्राम पंचायत धोबहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के इंजेक्शन एवं ड्रेसिंग कक्ष, ओपीडी कक्ष, वैक्सिन कक्ष, पीएनसी कक्ष, दवा वितरण कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में कौन-कौन से गांव के मरीज आते है तथा 18 मई को आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी और दवा वितरण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास धोबहर का भी निरीक्षण किया गया तथा छात्रावास की आधारभूत व्यवस्थाओं सहित छात्रावास में स्व सहायता समूहों द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले उत्पादों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही श्री देवसिंह उईके, जनपद पंचायत मरवाही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राहुल गौतम, सरपंच, सचिव तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 25 पदों के लिए आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही-कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गौरेला द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 9 पद एवं सहायिका के 16 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र 31 मई तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन निधारित प्रारूप में कार्यालयीन दिवस में शाम 5.30 बजे तक स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकते है। जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है, उनकी सूची कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना गौरेला और मुख्य कार्यपालक अधिकारी जनपद पंचायत गौरेला के सूचना पटल पर देख सकते है।

## विकास खंडों के आंकलन के लिए आईआईटी के छात्रों की मदद लें : सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि राज्य में आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर विकसित किए जा रहे सौ विकास खंडों की मानीटरिंग और आंकलन के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईएम लखनऊ के छात्रों की मदद ली जाए। उन्होंने इसमें राज्य के प्राविधिक एवं तकनीकी विश्वविद्यालयों, संस्थानों के छात्रों को भी जोड़ने के निर्देश दिए।



### बीडीओ को न दें कोई और चार्ज

मुख्यमंत्री बुधवार को प्रदेश के सौ आकांक्षात्मक विकास खंडों को विकसित किए जाने की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात होने वाले ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बीडीओ) को अन्यत्र किसी और ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार न दिया जाए। इन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत युवा, ऊर्जावान और विजनरी अधिकारियों की तैनाती की जानी चाहिए।

एसडीएम को बनाएं विकास खंड का नोडल अधिकारी

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संबंधित एसडीएम को इस विकास खंड का नोडल अधिकारी नामित किया जाए। यह नोडल अधिकारी विकास खंड में होने वाले विकास कार्यों, उपलब्ध कराए जा रहे डाटा की शुचिता और वास्तविकता के प्रति जवाबदेह होगा।

### आकांक्षात्मक जिलों में बलरामपुर प्रथम

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा चिन्हित प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद, चंदौली, फतेहपुर, चित्रकूट, बहराइच और श्रावस्ती में विकास के सभी मानकों पर सराहनीय कार्य किया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा सतत रियल टाइम मॉनीटरिंग डैशबोर्ड (चैंपियन ऑफ चेंज) के अनुसार जारी रैंकिंग में इन जिलों ने अच्छा स्थान प्राप्त किया है। देश के कुल 112 आकांक्षात्मक जिलों में सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने वाले जिलों की ताजा सूची में यूपी के पांच जिले शीर्ष 10 में शामिल हैं। बलरामपुर प्रथम स्थान पर है। यह स्थिति संतोषजनक है। ब्लॉकवार अद्यतन सूचना वर्तमान माह के अंत तक एकत्रित करने के निर्देश दिए। इसके बाद हर माह की 15 तारीख तक संबंधित जिलों द्वारा अद्यतन प्रगति विवरण फीड किया जाए। इसकी पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा भी कराई जाए।

# युवती को ब्लैकमेल करने पर पीटा काफी टाइम से चल रहा था प्रेम प्रसंग

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- महानगर के देहली गेट के 12 द्वारी इलाके में मंगलवार की दोपहर एक युवती को ब्लैकमेल करने और धमकी देने वाले गैर समुदाय के युवक को कुछ लोगों ने जमकर पीटा बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया हुआ यूं कि देवली गेट की महिला शकुंतला भारती से मिली और बताया कि एक समुदाय विशेष का युवक उनकी बेटी को पिछले करीब ढाई साल से ब्लैकमेल कर रहा है और तरह-तरह की धमकी देता है उसने मंगलवार को मिलने के लिए बुलाया और यह शर्त रखी कि वह दिन में चार-पांच घंटे उसके साथ रहेगी अगर बात नहीं मानी तो उसे बदनाम कर देगा इस पर योजना बनाकर पूर्व मेयर ने युवती के जरिए युवक को वाड़ा सिनेमा के पास बुलाया पूर्व मेयर ने कुछ युवकों की टीम इर्द-गिर्द लगा दी और खुद भी युवती के साथ कुछ दूर खड़ी हो गई दोपहर करीब 3 बजे अचानक युवक सिनेमा घर से बाहर निकला और युवती को इशारा कर अपने पास बुलाया 7 वह जैसे ही युवती को बाइक पर बैठाने लगा, तभी शकुंतला भारती के इशारे पर युवकों ने उसे घेरकर पीटना शुरू कर दिया उसे जमकर पीटा गया और बाद में पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया बाद में युवती पक्ष की ओर से उसके खिलाफ तहरीर दी गई सीओ प्रथम अशोक कुमार के अनुसार मामले में युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपी फफाला मार्केट निवासी शाहरुख जिला बदर के मुकदमें में हाल में जेल से छूटा था 7 उसे अब जेल भेजा जाएगा

# सरकार के आदेशों का हो रहा पालन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जमुनहा तहसील खाद्य। एंव रसद विभाग में अपात्र व्यक्तियों राशन कार्ड सत्यापन के संबंध में जमुनहा तहसील खाद्य एवं रसद विभाग में तैनात वरिष्ठ लिपिक बृजेंद्र कुमार श्रीवास्तव से जानकारी लेने पर बताया गया कि क्षेत्र के काफी अपात्र व्यक्त स्वयं आकर कार्यालय में अपना राशन कार्ड समर्पण पत्र जमा कर रहे हैं अब तक लगभग 200 लोगों ने राशन कार्ड समर्पण पत्र जमा कर दिया है सरकार के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है और क्षेत्र में सभी अपात्र राशन कार्ड धारकों को अवगत करा दिया गया है कि सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर अपना राशन कार्ड समर्पण पत्र दे अन्यथा जांच कराने पर अगर अपात्र पाए गए तो दिए गए राशन की लागत मूल्य की वसूली की जाएगी यह जानकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक तहसील जमुनहा रसद खाद विभाग के लिपिक ने दिया

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत नाली का निर्माण मे दबंग बने रोड़ा

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय के कस्बा बीरगंज पटना में जिला पंचायत द्वारा जल निकासी हेतु पंडित पुरवा से पी डब्लू डी रोड जमुनहा बहराइच मार्ग तक जोड़ने वाली सड़क सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर को जाने के लिए जलभराव होने के कारण जल हेतु निकासी के लिए नाले का निर्माण कराने का प्रस्ताव जिला पंचायत सदस्य द्वारा किया गया और धन भी अवमुक्त करा दिया गया लेकिन ग्राम पंचायत पटना के कुछ दबंग द्वारा कार्य प्रारंभ होने पर ठेकेदार द्वारा नाली खुद वाया गया । और उसको नहीं नही बनने दिया और खुदी हुई नाली को पाट दिया प्रदेश सरकार से किया है ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को प्रार्थना पत्र भेजकर अवगत कराया है कि कई वर्षो से जमे अधिकारी सरकार के निर्देशों का अनुपालन नहीं कर रहे हैं इसलिए उन अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की किया है

## अवैध देशी तमंचा के साथ एक गिरफ्तार



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर उस्मान पुत्र नुरूल हुदा उर्फ बंजारे साकिन भरथा रोशनपुरवा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 01 अदद अवैध देशी तमंचा के साथ ककरदरी जंगल में वन विभाग डाक बंगले के पास बैराज की तरफ वहदग्राम ककरदरी से गिरफ्तार किया गया। थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 209/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट मे अभियोग पंजीकृत किया गया।

# किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास-डीएम

## संबंधित अधिकारियों को शिकायत निस्तारण के दिए निर्देश



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने किसानों की विद्युत, गन्ना भुगतान, सिंचाई, एवं खाद संबंधी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये। गन्ना मिलों द्वारा गन्ने का विलम्ब से भुगतान करने पर जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को गन्ने का किसानों को समय से भुगतान कराने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि किसानों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु हर संभव प्रयास किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जो समस्यायें किसान दिवस में आई है उन्हें कृषक बंधु लिखित में फोन नम्बर सहित दें, ताकि शिकायत के निस्तारण तथा आपको भी शिकायत के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने किसानों से किसानों को आश्वस्त किया गंभीरता पूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं।किसान दिवस में किसानों को उप निदेशक उद्यान ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन, जिला कृषि अधिकारी ने कृषि विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के विषय में किसानों को विस्तार से जानकारी उपलब्ध करायी। किसान दिवस में किसानों द्वारा विलम्ब गन्ना भुगतान मूल्य तथा मूढापाण्डे क्षेत्र में आवारा पशुओं द्वारा खेतों में नुकसान करने, जल निगम द्वारा पाइप पेयजल योजना के अर्न्तगत कई वर्षों से सड़कों को खोदकर खराब स्थिति में होने, अगवानपुर, ठाकुरद्वारा पशु चिकित्सालयों पर पशु चिकित्सक न बैठने तथा दवाई भी उपलब्ध न होने, दलपतपुर क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइन, नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने, गर्मी के मौसम में किसानों की फसलों की सिंचाई हेतु विद्युत की लगातार आपूर्ति तथा सड़कों को गडढामुक्ति कराने जैसी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ए-आर कॉपरेटिव, उप निदेशक उद्यान, लीड बैंक मैनेजर, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला परियोजना समन्वय डास्प, गन्ना, विद्युत, सिंचाई विभाग के अधिकारियों सहित बेलबाडा बिलारी, अगवानपुर शुगर मिल के प्रबन्धक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहें।

# अचानक भरभरा कर गिरा मकान मलबे के नीचे दब कर एक महिला की हुई मौत अन्य परिवार के सदस्य घायल



मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

उत्तर प्रदेश के जनपद के विकासखंड मूंढापांडे ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत वीरपुर वरियार गांव में देर शाम गांव में उस समय हड़कंप मच गया था जब तेज आंधी आ जाने के चलते अचानक रिफाकत नामक व्यक्ति का मकान भरभरा कर गिर गया जिसमें पीड़ित का खानपान का जरूरी सामान दबकर मलबे के नीचे बेकार हो गया और मकान गिरते ही परिवार के बच्चों सहित सभी लोग मलबे के नीचे दब कर मामूली घायल हो गए जिसमें मलबे के नीचे दबी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे आनन-फानन में उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया महिला की मृत्यु हो जाने के बाद परिवार में सभी का रो रो कर बुरा हाल है और शोक की लहर है बताया जा रहा है मीत का महीना के तीन छोटे-छोटे मासूम बच्चे हैं जिनका अब बाप के अलावा कोई भी पालन पोषण करने वाला नहीं है मासूम बच्चों सहित परिवार में शोक की लहर है और सभी का रो रो कर बुरा हाल है पीड़ित ने मकान गिर जाने व पत्नी की मकान के नीचे दबकर मौत हो जाने के चलते सरकार से आर्थिक सहायक रूप से मुआवजे की मदद की गुहार लगाई है,

WWW.KNLSLIVE.COM

# शिक्षकों ने मेल आईडी लोड करने के समय पर उठाई आपत्ति



मुरादाबाद-किसान इंटर कॉलेज में वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय संचालकों की बैठक में छात्रों की मेल आईडी, विद्यालयों की वेबसाइट व स्टाफ की मेल आईडी को माध्यमिक शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने की कम समय सीमा पर विद्यालय संचालकों ने आपत्ति उठाई। इस समस्या के निवारण के लिए शासन को ज्ञापन भेजने पर सहमति बनी। माध्यमिक विद्यालय संचालकों की बैठक में शासन द्वारा पर्याप्त समय न दिए जाने से रोष है। तहसील अध्यक्ष अमर सिंह सैनी ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण कारण विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति बहुत कम है, इससे छात्रों की मेल आईडी बनाना संभव नहीं है। विद्यालय की वेबसाइट पर बनाने के लिए भी पर्याप्त समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शासन वित्तविहीन स्कूलों से जो भी सूचना मांगे वह विद्यालय समय में ही ली जाए। स्कूल संचालकों ने शासन को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया। इसमें किसी भी सूचना को देने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। अवकाश के दिन में कोई भी सूचना न मांगी जाए। राजकीय तथा वित्तविहीन स्कूलों के अध्यापक व प्रधानाचार्य में आपसी सामंजस्य पर चर्चा हुई। बैठक में तहसील अध्यक्ष अमर सिंह सैनी, मो. उमर, नवनीत अग्रवाल, विजयपाल सिंह राघव, आरिफ पाशा, अरकान जाफर, गणपत सिंह, बहोरन सिंह ,ब्रह्म स्वरूप ,बृजेश सिंह राघव ,विवेक गुप्ता, मो. जुबेर, अनवर हुसैन, विनीत बंसल, विनोद कुमार मिश्रा, नवाब हुसैन, इमाम हुसैन आदि शामिल रहे।

# स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यो में अपेक्षित गतिशीलता एवं गुणवत्ता लायी जाये-कमिश्नर



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त/अध्यक्ष मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने आज कमिश्नरी सभागार में आयोजित स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के अधीन विभिन्न कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु कार्यो में अपेक्षित गतिशीलता लाकर समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। कमिश्नर द्वारा स्मार्ट सिटी की प्रत्येक परियोजना की प्रगति का पृथक-पृथक रुप से समीक्षा करते हुए विभिन्न भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का संज्ञान लिया गया तथा अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक परियोजना के लिए जो समय निश्चित किया गया है, प्रत्येक कान्टेक्टर / एजेंसी उस समय सीमा के अर्न्तगत ही कार्य पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त प्रत्येक परियोजना के निष्पादन के समय निर्धारित गुणवत्ता मानकों एवं मापदंडों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के भी निर्देश दिये। आयुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि एसपीवी के अधिकारी नियमित रुप से क्रियाशील परियोजनाओं का पर्यवेक्षण करते रहें तथा मानकों का अनुपालन भी सुनिश्चित करायें। बैठक में नगर आयुक्त/सी0ई0ओ0 श्री संजय चैहान ने अवगत कराया कि मुरादाबाद स्मार्ट सिटी के अर्न्तगत कुल 37 परियोजनाएं ली गयीं हैं, जिनका टोटल आउटेल 940.00 करोड रुपये है। उन्होंने बताया कि इसमें से 7 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जिन पर भारित व्यय 37.50 करोड रुपये का है तथा शेष 30 परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं तथा इन पर विभिन्न चरणों में कार्य प्रगतिशील है। बैठक में नगर आयुक्त श्री संजय चैहान, नोडल अधिकारी स्मार्ट सिटी श्री टी0एन0 मिश्रा, के अतिरिक्त मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना से संबंधित विभिन्न अधिकारी एवं अभियंतागण आदि उपस्थित थे।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# After all, how can the name of a mosque be Gyanvapi?

The observations made by the Supreme Court in the Gyanvapi case have increased the chances of the case reaching its logical conclusion, as it agreed to a large extent with the stand of the Varanasi District Court. No one can deny the fact that what is being called the Gyanvapi Masjid is actually a part of the Kashi Vishwanath temple. It is not only visible, but it has historical evidence as well. Such evidence has been given by the historians of the Mughal period themselves. Those who do not see or understand these proofs, they should think that how can the name of a mosque be Gyanvapi? Just as no proof is needed for this that the mosque was built after the destruction of the temple in Kashi, similarly no evidence is needed in the case of mosques built in place of many other temples. Whether it is about the mosque built on the Krishna Janmasthan temple in Mathura or the Quwwat-ul-Islam mosque in Delhi. Even the inscription of Quwwat-ul-Islam mosque says that it was built by demolishing 27 Hindu and Jain temples. Ignoring such irrefutable evidence is not going to work. In this case, there is no use even in resorting to the Dharmasthala Act made in 1991, because this law is not a stone line. It was made to cover up disputes and it should be known to all that disputes are not resolved by hiding, but only come to the surface by living. The Muslim society of India should not only accept the truth visible with open eyes Rather, one should avoid considering cruel invaders like Ghori, Ghazni, Khilji, Babur, Aurangzeb as their ancestor or inspiration. The Muslims of India did not come from Arabia, Afghanistan, Iran etc. They were the people here whose ancestors were Hindus. It is true that their ancestors converted to Islam to escape persecution, to save their lives or property, but this does not mean that they became the descendants of the invaders. Neither one's ancestors nor the culture change due to a change in the worship system. The best example of this is the Muslim society of Indonesia. It would be appropriate that that section of the Muslim society should come forward and be vocal about its roots in India and that they are as Indian as the followers of other systems of worship. While it is necessary for them to accept the truth, the people of the Hindu community should also not do anything that would damage social harmony in order to lay claim to their temples in Kashi and Mathura.

# Mouni Roy did a photoshoot in a copper shade fusion sari, the traditional look of the actress went viral

Actress Mouni Roy is in a lot of discussion due to her stylish style. She often shares photos and videos of her latest photoshoots on social media. Now she has shared new pictures on her Instagram, in which she is seen posing in a metallic fusion saree of copper shade. During this photoshoot, the actress has chosen nude makeup and kept her hair open, which is making her look even more beautiful. These pictures of Mouni Roy are being well-liked on social media. So far (till the writing of the news) these pictures of the actress have been liked by many lakhs of people and are giving their feedback by commenting. Let us tell you, the actress married her long time boyfriend Sooraj Nambiar according to Hindu and Bengali rituals in the first month of the year. Many of whose pictures went viral on social media. According to the information, Mouni Roy and Sooraj Nambiar first met in Dubai, after which both of them started dating each other and after dating each other for a long time, both decided to tie the knot.



Mouni Roy's upcoming film - On the other hand, if we talk about Mouni Roy's workfront, then she will soon be seen in Ayan Mukerji's film 'Brahmastra'. The actress will be seen playing the role of the main villain in this film. Ranbir Kapoor and Alia Bhatt are going to be seen in the lead roles in the film. Apart from these, Megastar Amitabh Bachchan, and Nagarjuna are also going to be seen in important roles in the film. The film will be released in cinemas on September 9, 2022. Recently Alia Bhatt and Ranbir Kapoor wrapped up the shooting of the final Varanasi schedule of the film.

# When this mess happened with Deepika Padukone at Cannes, then how the actress handled the whole matter

Actress Deepika Padukone is making the whole country feel proud. The actress has joined the Cannes Film Festival 2022 as a jury member and is representing India. Deepika Padukone entered the first day of the Cannes Film Festival wearing a sari. Seeing her sari looks, people were not only happy at the festival, but Indians also liked it. After Deepika's arrival at the Cannes Film Festival, her old event looks are becoming very viral. Meanwhile, we are going to tell you an anecdote of losing the dress of the actress. Deepika's dress was lost when she reached the Cannes Film Festival and she had to make a big change at the last moment. Deepika is serious about her looks



Deepika Padukone is very serious about her looks and style. The actress starts preparing for any event long before she becomes a part of it. The actress's stylish Shaleena Nathani had told that once the actress's dress was lost at the Cannes Film Festival. She had to wear that dress on the first day and she was not found. Yes she is lost. On hearing this, she went into shock. At that time, her stylish did not understand what to do and how to deal with this problem. Deepika managed like this- Shalina further said that, for any problem, we already have a backup ready but the original dress No one was happy when he didn't get it. The whole strategy had to be changed regarding Deepika's dress and then the dress which the actress was to wear later, was worn first. Well, later Deepika's lost dress was found and delivered to her. Deepika Padukone later flaunted her beauty on the red carpet wearing this dress.

# भाई के हत्याकांड में वांछितों के परिजन नही बोने दे रहे फसल,खेत में काट देते है गन्दा पानी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जनपद एटा के थाना रिजोर क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर नगरिया में होतीलाल के खेत में होतीलाल के भाई के हत्याकांड में वांछित गुंडे किस्म के गांव के ही रोशन लाल वह महाराज सिंह पुत्र गढ़ रामसरा सहाय व मृतकगंगा प्रसाद के पुत्र दिनेश चंद्र,आदि लोग लगातार समरो का गंदा पानी उनके खेत में काट देते हैं ।जिससे कि कई बार फसलें बोने के बाद उनकी फसल जलमग्न हो जाती है।और हजारों रुपयों का नुकसान हो जाता है।इस बात का जब वह विरोध करते हैं तो दबंग किस्म के लोग उन्हें भी उनके भाई की तरह जान से मारने की धमकी देते हैं। संत होती लाल ने आज मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, जिलाधिकारी एटा, उप जिलाधिकारी तहसील सदर, एटा, तहसीलदार महोदय, थानाध्यक्ष रिजोर को आज प्रार्थना पत्र भेजकर/देकर अपनी व्यथा सुनाई, और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनके खेत में उक्त लोग अगर पानी ना काटे तो, निश्चित ही वह फसल बो लेगा और वह परिवार भरण- पोषण में आने वाली समस्या से उभराएगा। जिला प्रशासन और थाना पुलिस और राजस्व टीम संत होतीलाल की मदद करती है या नहीं देखना बाकी रह गया है।

# 5 क्विंटल 88 किलो 600 ग्राम गांजा कीमत करीब 54 लाख रुपये तथा तस्करी में प्रयुक्त एक कैंटर सहित 02 शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- थाना मारहरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, थाना मारहरा पुलिस द्वारा तस्करी को ले जाए जा रहे 5 क्विंटल 88 किलो 600 ग्राम गांजा कीमत करीब 54 लाख रुपये तथा तस्करी में प्रयुक्त एक कैंटर सहित 02 शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार। थाना मारहरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो शातिर गांजा तस्करों को चैकी तिवारी से कस्बा मारहरा की तरफ जाने वाली सड़क से समय करीब रात्रि 23.50 बजे कैंटर में छुपाकर ले जाए जा रहे 5 क्विंटल 88 किलो 600 ग्राम गांजा ( कीमत करीब 54 लाख रुपये ) व एक कैंटर ( यूपी 86 टी 3558 ) के साथ गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तों से की गई पूछताछ से संज्ञान में आया कि उनको टिंकू पुत्र शिवनारायण शर्मा निवासी अहिवासी थाना इगलास जनपद अलीगढ़ ने इस गाड़ी को लाने के लिए कहा था। इस गाड़ी को वह उड़ीसा राज्य के बरहमपुर कस्बे में स्थित एक राजस्थानी ढाबा के मालिक से लेकर आए थे और तस्करी के लिए अलीगढ़ ले जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मारहरा पर मुअसं0 75/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है साथ ही घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के संबन्ध में जानकारी की जा रही है।

## जानलेवा हमले व आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपी को 07 वर्ष सश्रम कारावास तथा 5000 रुपये के जुर्माने की दिलाई सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- पुलिस द्वारा अभियोजन विभाग के साथ संयुक्त प्रयास कर मा0 न्यायालय में उत्कृष्ट विवेचना, प्रभावी पैरवी, गवाहों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कर जानलेवा हमले व आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपी को 07 वर्ष सश्रम कारावास तथा 5000 रुपये के जुर्माने की दिलाई सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 17.05.2022 को अभियुक्त बनवारी पुत्र दाताराम निवासी नगला धीमर थाना दादो जिला अलीगढ़ संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 26/92 धारा 147, 148, 149, 307 आईपीसी एवम मुकदमा अपराध संख्या 28/92 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना मिरहची जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय स्पे0 जज डकैती कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 07 वर्ष सश्रम कारावास एवं ?5000 के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् चयनित अभ्यर्थी एवं प्रतीक्षा सूची जारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कार्यालय आयुक्त, पदेन सचिव छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय आश्रम एवं शैक्षणिक संस्थान समिति नवा रायपुर द्वारा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर, ओड़गी, प्रतापपुर तथा प्रेमनगर के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 03 अप्रैल 2022 दिन रविवार को आयोजित किया गया, जिसके आधार पर मेरिट सूची तथा आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए अभ्यार्थी के विद्यालय चयन वरीयताक्रमानुसार संस्था आबंटित किया जाकर चयनित अभ्यार्थी समस्त दस्तावेज के साथ 25 अप्रैल से 10 मई 2022 तक चयनित, आबंटित विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करा लेने हेतु निर्देशित किया गया था। शेष कुल स्वीकृत सीट का 10 प्रतिशत् सीट ऐसे बच्चे जो अपने माता-पिता को वामपंथ उग्रवाद विद्रोह या कोविड में खो दिऐ हो, घुमन्तु समुदाय के बच्चे, विधवा महिला एवं दिव्यांग माता पिता के बच्चे, भूमि दान करने वाले परिवार के बच्चे, अनाथ बच्चे हेतु आरक्षित रखा गया था। दावा आपत्ति से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के पश्चात् चयन सूची क्र0-02 बालक, बालिका एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। चयनित विद्यार्थी समस्त दस्तावेज के साथ 18 मई से 30 मई 2022 तक आवंटित विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करा सकते हैं। प्रतीक्षा सूची की सूचना पृथक से दी जायेगी।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी गाड़ी रुकवाकर स्वयं घायल वृद्ध को तत्काल अपनी गाड़ी में बैठाकर उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- यू0पी0 के कासगंज में जिलाधिकारी श्री मती हर्षिता माथुर एवम एस0पी0 रोहन प्रमोद बोत्रे ने की मानबता की मिसाइल कायम जिसने देखा उसी ने सराहना की।आज कसगंज से सोरो मार्ग पर वृद्ध का एक्सीडेंट देख डी0एम0 का दर्द छलका गाडी रोक उतरकर भावुक हो उठी दुखी मन से स्वयम अपनी गाड़ी से उपचार हेतु भिजवाया हॉस्पिटल । चौकी इंचार्ज को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु दिए निर्देश। यू0पी0 कासगंज जनपद की जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री रोहन प्रमोद बोत्रे कासगंज शहर से सोरों की तरफ आ रहे थे गोरहा नहर पुल पर एक वेन द्वारा सड़क पर कर रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी गई, इस दुर्घटना के होने पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अपनी गाड़ी रुकवाकर स्वयं घायल वृद्ध को तत्काल अपनी गाड़ी में बैठाकर उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया, छेत्रिय चौकी इंचार्ज गोरहा को दुर्घटना कारित करने वाली गाड़ी व चालक के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित भी किया गया

# अवैध धंधे से कमाई क ई करोड़ की संपत्ति जब्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कासगंज।पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत असलम पुत्र अब्दुल सलाम नि. बद्दू नगर जो कि 1997 से 1922 तक जुआ सट्टा, स्मैक सहित मादक पदार्थों की तस्करी में एवं गैगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत थाना कासगंज में पंजीकृत है, के एवं परिजनों के नाम अवैध धंधे से एकत्र की गई संपत्तियों को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में विधिवत रुप से जब्त कर लिया गया! उक्त व्यक्ति के खिलाफ मु.अ.सं.434/19 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट पंजीकृत है जिसके अंतर्गत 14( 1 ) के तहत थाना प्रभारी कासगंज द्वारा आख्या जिलाधिकारी कासगंज को प्रेषित की गई

## धनीपुर हवाई पट्टी के समीप कैंटनर व मोटरसाइकिल की भिड़ंत में एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- थाना महुआ खेड़ा क्षेत्र के धनीपुर हवाई पट्टी के समीप आमने-सामने की भिड़ंत में एक गंभीर रूप से घायल हो गया रास्ते में ले जाते वक्त ललित, उम्र 25 वर्ष निवासी जैथरा, एटा, की मौके पर मौत हो गई एक गंभीर रूप से घायल हुए अर्जुन पुत्र जम्मू निवासी जैथरा एटा अर्जुन दिल्ली से अपने साले की शादी में जा रहा था कायमगंज अपने चाचा के बेटे ललित के साथ शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे जैसे ही पहुंचे तेज गति से आ रही टैंकर ने मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची महुआ खेड़ा पुलिस ने निजी न्यू आराध्या हॉस्पिटल के लिए भेजा जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है मृतक को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा, है,

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# पत्नि की अपने साथ अश्लीलवीडियो बना कर की वायरल यास्मीन के साथ थाने पहुंची पीड़िता

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली-नारी शक्ति नारी सम्मान सेवा समिति की अध्यक्ष यास्मीन जहां से मिली पीड़िता और बताया अपना दर्द पीड़िता ने यास्मीन जहां को बताया और कुछ विडियो दिखाई जो काफ़ी अश्लील वीडियो है जो उसके पति ने उसके ही कुछ स्टाफ के मोबाइल पर सेंड कर वायरल कर दी है पीड़िता ने यास्मीन को कुछ मोबाईल फोन के स्क्रीन शॉट भी दिखाएं जिस पर इसके पर उसके पति ने वीडियो वायरल की है पीड़िता के अनुसार 2011 में एक अधेड़ उम्र के राजेश कुमार नाम के व्यक्ति जो पहले से शादी शुदा था उसके माता पिता ने उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज से कराई थी जिससे पीड़िता के हमेशा मतभेद बने रहे पीड़िता की उम्र से दुगनी उम्र के व्यक्ति की पीड़िता की कभी नही बन पाई आय दिन मतभेद के चलते दोनो आपसी सहमति से 2018 मे अलग हो गए पहले राजेश से उसकी 5 वर्ष की बेटी है पीड़िता ने यासमीन जहां को बताया कि उसके बाद मेरे माता पिता ने आदित्य शर्मा पुत्र स्वर्गीय राधामोहन निवासी सेक्टर 3 द्वारिका पुरी दिल्ली से दिनांक 19 / 12/20 को बदायूं में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कराया था उस समय तक तो आदित्य शर्मा का व्यवहार पीड़िता के प्रति ठीक रहा परंतु कुछ समय उपरांत ही पीड़िता का पति उससे अपने मायके से ?50,000 नगद लाने की मांग करने लगा और जब प्रार्थिनी ने पैसा लाने से मना कर दिया तो पीड़िता के साथ विपक्षी आदित्य शर्मा मारपीट करने लगा तथा प्रार्थिनी की मर्जी के बगैर आपत्तिजनक वीडियो बना लिए उसके उपरांत पीड़िता गर्भवती हुई और जब के बच्चे का जन्म का समय आया तो पीड़िता को आदित्य शर्मा ने लात घुसा से पिटाई कर दी एक लात पीड़िता के पेट मे मारी जिससे पीड़िता की हालत काफी खराब हो गई उसके बाद ऐसी हालात में सीबी गंज बरेली में किराए के मकान में छोड़कर चला गया जैसे तैसे किसी प्रकार पीड़िता ने सितंबर 2021 में मृत बच्ची को जन्म दिया इसके बाद भी पीड़िता का पति बीच-बीच में कभी-कभी आता था और रुपयों का लालच देकर उसको देह व्यापार करने के लिए मजबूर करने का प्रयास करता था जिसको पीड़िता ने साफ इंकार कर दिया इसके बाद पीड़िता ने मजबूर होकर पेट्रोल पंप पर कार्य करने लगी और अपना जीवन यापन करने लगी विपक्षी आदित्य शर्मा पीड़िता पर दिल्ली में देह व्यापार के धंधे में लगाने हेतु आने का दबाव बना रहा है दिल्ली ना आने पर अपने साथ बनाए गए अश्लील वीडियो को कुछलोगों को वायरल कर दिए औ इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी दे रहा है विपक्षी आदित्य शर्मा ने पृछ लो से लिए गए वीडियो के साथ कुछ लोगों को के फोन पर वायरल कर दिए हैं पीड़िता ने यास्मीन जहां को बताया कि अगर आदित्य शर्मा ने उपरोक्त वीडियो इंटरनेट पर डाल दिए तो मैं समाज में हीन भावना की दृष्टि से देखी जाउंगी पीड़िता का कहना है कि ऐसे व्यक्ति के साथ सम्मान पूर्वक रहना मुश्किल है पीड़िता को लेकर इज्जतनगर थाने पहुंची यासमीन जहां

# कोर्ट मोहर्रिरों की बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का निर्देश- समंस-वारंटों की हो तामीली



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- फरियादी, पीड़ित व्यक्ति को सुलभ न्याय शीघ्र मिले इसके लिए आवश्यक है कि माननीय न्यायालय द्वारा जारी समंस वारंट की तामीली समय पर शत-प्रतिशत थाना-चौकी के माध्यम से सुनिश्चित हो। कोर्ट मोहर्रिर एवं थाना-चौकी से न्यायालयीन कार्य हेतु जाने वाले कर्मचारी के बीच आपसी सामान्जस्य बनाकर कार्य करने के उद्देश्य को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में कोर्ट मोहर्रिरों की बैठक ली। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने कोर्ट मोहर्रिरों को कहा कि माननीय न्यायालय के द्वारा जिस तारीख को समंस-वारंट जारी किए जाते है, उन्हें उसी दिन संबंधित थाना-चौकी को भेजी जावे ताकि उसकी तामीली शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो सके। थाना व चौकी में न्यायालयीन कार्य हेतु जाने वाले कर्मचारी से इस बावत सामंजस्य स्थापित करें। उन्होंने कहा कि आपके सजग रहकर कार्य करने से समंस-वारंट की तामीली सही समय होगी और फरियादियों को न्यायालय से जल्द न्याय मिलेगा। इस दौरान एएसपी ए.के.जोशी, डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर, प्रधान आरक्षक कवल साय, महिला आरक्षक अजयवन्ती राजवाड़े, शशि लकड़ा, पार्वती, उर्मिला राजवाड़े, आरक्षक कुलदीप बड़ा, दिनेश मिंज, महेत्तर सिंह, अरविन्द कुमार, प्रमोद सिंह, संतोष मिंज, मनोहर राम राजवाड़े, कपिलदेव खेस, दिपेश सोनी व संजय सोनवानी उपस्थित रहे।

# विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एन.सी.डी.स्क्रीनिंग का सफलतापूर्वक हुआ आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सिंह तथा एन.सी.डी. जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीपक जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर 8454 लोगों का एन.सी.डी. स्क्रीनिंग के तहत ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर तथा कैंसर के संभावित मरीजों का स्क्रीनिंग कर लोगों को जन जागरूकता करते हुए निःशुल्क दवा वितरण की गयी। सीएमएचओ डॉ. आर.एस. सिंह ने बताया कि एक उम्र के बाद बी.पी. एवं शुगर की जांच नियमित कराते ही रहना चाहिए ताकि गंभीर बीमारियों से बचाव किया जा सके। अनियमित दिनचर्या एवं खान-पान की वजह से स्वास्थ्य को काफी नुकसान होता है, अनुचित खान-पान एवं भाग दौड़ भरी दिनचर्या से रक्तचाप पर भी इसका असर पड़ता है और तभी व्यक्ति उच्च रक्त चाप या फिर निम्न रक्त चाप का मरीज बन जाता है। विश्व रक्त चाप दिवस के अवसर पर जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला चिकित्सालय में ऐसे ही आवश्यक जानकारी से अवगत कराते हुए लोगों को जागरूक किया गया एवं निःशुल्क दवा वितरण की गयी। एन.सी.डी. नोडल अधिकारी डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक उम्र पर नियमित रूप से रक्तचाप, ब्लड शुगर, कैंसर स्क्रीनिंग की जांच करवाते रहना चाहिये। उच्च रक्त चाप कई कारणों से होता है जिनमें से कुछ कारण शारीरिक एवं कुछ मानसिक होते हैं, उच्च रक्तचाप से तेज सिर दर्द, थकान, सीने में दर्द, देखने में समस्या, सांस लेने में तकलीफ, अनियमित रूप से बढ़ने वाली दिल की धड़कन, घबराहट और यूरिन में ब्लड आना ऐसा लक्षण हो सकता है। डॉ. आर. एस. सिंह ने जिले के समस्त लोगों से अपील करते हुए कहा कि 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिला एवं पुरुष अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर एन.सी.डी. स्क्रीनिंग का कभी भी लाभ ले सकते हैं। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन करने में जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक ली शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लगाने दिए निर्देश

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने कलेक्टेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के जिले प्रवास के दौरान किए गए घोषणा एवं दिए गए निर्देशों का त्वरित निराकरण करने एवं संबंधित विभाग के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा समय अवधि में निराकरण करने निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को शासकीय भवनों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री शिव बनर्जी, श्री रवि सिंह, श्रीमती दीपिका नेताम, डिप्टी कलेक्टर वहीदुर्रहमान एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के चौपाल, भेटवार्ता एवं विशेष चर्चा के दौरान किए गए घोषणाओं को शासन स्तर पर भेजने तथा जिला स्तर के मांग को यथा शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने, क्षेत्र में पानी की समस्या दूर करने के लिए जल संरक्षण में कार्य करने, राजस्व विभाग संबंधित शिकायतों पर जांच कर कार्यवाही करने, गौठान निर्माण एवं आवर्ती चराई के गौठान को प्राथमिकता से करने के निर्देश दी है। उन्होंने क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण के लिए बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये तथा जहां पर लो वोल्टेज है वहां की लाइन ठीक करने कहा। जहां-जहां ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई है स्थल चयन कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने वन अधिकार पट्टों का ग्राम पंचायत स्तर पर सुनवाई कर उन्हें न्यायोचित पट्टा दिलाने हेतु अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। शासन की मंशा अनुसार सभी जिला अधिकारियों को धरातल में जाकर समस्याओं का निराकरण करने निर्देश दिए हैं। उन्होंने पटवारी की उपलब्धता और कामों का संपादन, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं अध्यापन कार्य, मध्यान भोजन योजना का संचालन, स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य अमले एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा हाट बाजार क्लीनिक का नियमित संचालन करने के निर्देश दी है तथा गर्मी मौसम मे पानी की समस्या ना हो इसके लिए खराब पड़े सभी हैंडपंप को मरम्मत करने एवं नल जल योजना का सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए हैं।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM